सार-समाचार

पत्नी की मृत्यु,पति गिरफ्तार

बाप, (निसं)। बाप के निकट जैमला गांव में घर के कमरे में दो दिन पुरानी लहूलुहान हाल में मिली एक विवाहिता की लाश मामले में पुलिस ने उसके पति को गिरफ्तार कर लिया है। जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण धर्मेन्द्रसिंह ने बताया कि बुधवार दोपहर जैमला में विवाहिता की लाश मिलने की सूचना पर वृताधिकारी वृत फलोदी रामकरणसिंह मलिण्डा व बाप पुलिस मय जाप्ता पहुंचे थे। घटनास्थल का जायजा लेने के साथ एफएसएल की टीम ने भी साक्ष्य जुटाये थे। विवाहिता की लाश उसके घर के कमरे में सडी गली स्थिति में पडी हुई थी। कमरे में काफी खुन बिखरा हुआ था। पुलिस को प्रथम दृष्टतया लाश 2 से 3 दिन पुरानी प्रतीत हो रही थी। मृतका के सिर पर चोटो के निशान थे। मृतका के कुम्पसिंह निवासी बैंगटीकल्ला ने बाप पुलिस को लिखित रिपोर्ट दी थी कि उसकी बहन प्रेम कंवर की शादी जैमला निवासी सांगसिंह के साथ की थी। 22 मई शाम को उसके पति सांगसिंह, सास, ननद ने मिलकर दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर उसकी हत्या कर दी। उक्त मामले में पुलिस ने मृतका प्रेम कंवर के पति सांगसिंह पुत्र गुमानसिंह राजपुत निवासी जैमला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 22 मई शाम दहेज की मांग को लेकर प्रेकंवर के पति सांगसिंह ने ही अपनी पत्नी प्रेम कंवर के सिर पर लोहे की एंगल से मारी थी, जिससे उसकी मौत हो गई थी। उसके बाद सांगसिंह ने मृतका की लाश को 2 दिन तक कमरे में बंद कर किसी को जानकारी नहीं दी। कार्यवाही में थानाधिकारी समरवीर सिंह, डुंगरसिंह सहायक उप निरीक्षक पुलिस, कानि मांगीलाल, कानि राजेश, चालक जगदीश वृत कार्यालय फलोदी व पुलिस थाना बाप से अनोपाराम हैड कानि, राजेन्द्रसिंह हैड कानि. कानि. मुलाराम व कानि पुरखाराम की विशेष भुमिका रही।

विप्र महाकुंभ जालोर का दिया निमंत्रण

सायला, (निसं)। जिला मुख्यालय जालोर पर आगामी 18 जून को आयोजित होने वाले जोधपुर संभाग स्तरीय नवम विप्र महाकुंभ की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को विप्र फाउंडेशन की बैठक का प्रदेश महामंत्री दिनेश दवे की उपस्थिति में गणपति रिद्धि सिद्धि मंदिर सायला में आयोजन हुआ। बैठक के प्रारंभ में सर्वप्रथम भगवान गणपति को पीले चावल देकर विप्र महाकुंभ का निमंत्रण दिया। तत्पश्चात बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री दिनेश दवे ने नवम् विप्र महाकुंभ जालोर में अधिकाधिक संख्या में ब्राह्मण समाज, युवा बंधुओं एवं मातृशक्ति को भाग लेने का आह्वान किया। साथ ही गांव-गांव जाकर निमंत्रण देने हेतु जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में विप्र फाउंडेशन जालोर जिला कार्यकारणी के नवनियुक्त पदाधिकारी जिला उपाध्यक्ष कन्हैयालाल त्रिवेदी ओटवाला व नैनसिंह राजपुरोहित आलासन, जिलामंत्री मुकुन्द दवे, सायला ब्लॉक संगठन मंत्री मांगीलाल राजपुरोहित व विधानसभा संयोजक चंपालाल राजपुरोहित का माला पहनाकर अभिनन्दन किया गया। इस दौरान महेश दवे, कालुसिंह राजपुरोहित, भूरसिंह आसाणा, शांतिलाल, चंपालाल, अर्जुनसिंह, अजाराम सांथुआ, मांगीलाल सांथुआ, प्रकाश त्रिवेदी, पोलसिंह, जोगसिंह राजपुरोहित, हडमतसिंह, मदनसिंह, हरिशचन्द्र वीराणा, भोपसिंह, उम्मेदाराम, नरेन्द्र त्रिवेदी आदि मौजूद थे।

ट्रैक्टर पलटा,दबने से चालक की मौत

बाप, (निसं)। बाप कानासर सड़क मार्ग पर बीती देर रात सर तालाब के पास एक ट्रैक्टर पलट गया। हादसे में ट्रेक्टर चालक किसान की दबने से मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची बाप पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मुख्य आरक्षी पाबुदान ने बताया कि मदासर निवासी मदनलाल पुत्र बंशीलाल विश्नोई गुरूवार दिन में गांव से ट्रेक्टर में रायड़ा भरकर फलोदी गया था। वंहा रायड़ा बेचने के बाद वह वापस ट्रेक्टर में मूंगफली व यूरिया खाद लेकर वापिस लौट रहा था। बाप से निकलने के बाद कानासर सड़क मार्ग पर सर तालाब के पास रात करीब 11 बजे उसका ट्रेक्टर पलट गया। मृतक के भाई जयपाल ने पुलिस को बताया कि आंधी तुफान के बीच नील गाय को बचाने के प्रयास में ट्रेक्टर पलट गया। हादसे में उसका भाई नीचे दब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को आवश्यक कार्यवाही करने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

पारूदेवी को 8 गारंटी कार्ड सौंपे

सायला, (निसं)। सायला उपखण्ड क्षेत्र के आलवाडा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शुक्रवार को प्रशासन गांवो के संग अभियान एवं महंगाई राहत शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के विभिन्न लाभार्थियों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित किए गए। लाभार्थी पारूदेवी को 8 योजनाओं के गारंटी कार्ड प्रदान किए। शिविर में ग्राम पंचायत आलवाडा द्वारा पशु चिकित्सालय एवं ग्राम सेवा सहकारी समिति के पट्टे दिए गए। इस दौरान नायब तहसीलदार महेश दवे, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष दीपाराम ओटवाला, सांवलाराम चौधरी, आरआई सुखराज राजपुरोहित, समाज कल्याण विभाग के राजाराम चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी जितेन्द्रसिंह, पटवारी दिनेश सोलंकी, .षि पर्यवेक्षक बाबूराम, पीईईओ भैराराम रांगी, पशुधन सहायक कानाराम, जेमाराम, रामाराम, अजबाराम, हीराराम, जोराराम, मोडाराम भील, धीराराम देवासी, हीराराम चौधरी समेत आलवाड़ा एवं दुदवा के ग्रामीण मौजूद थे।

छप्पन भोग महाआरती व प्रसादी हुई

पिंडवाड़ा, (कासं)। झाडोली गांव में पांच दिवसीय महाविष्णु यज्ञ के उपलक्ष्य में सावलाजी मंदिर में शुक्रवार को अन्न कूट महोत्सव मनाया गया। जिसमें सावलाजी को छप्पन भोग लगाया गया। महा आरती की गई और प्रसादी वितरण किया गया। गोरवाल ब्राह्मण समाज सावलाजी मंदिर पर पांच दिवसीय विष्णु महायज्ञ के उपलक्ष्य में आयोजक यजमान अरुणाबेन सूर्यकांत भाई दवे, नीलमबेन सुधीरभाई दवे, प्रीति बेन नीरवभाई दवे व सोनलबेन कल्पेशभाई दवे परिवार द्वारा अन्न कूट महोत्सव मनाया गया। जिसमें भगवान को छप्पन भोग लगाया गया एवं महाआरती की गई। बाद में प्रसादी वितरण किया गया। कस्बे की धर्म प्रेमी जनता ने इस अवसर पर शामिल होकर धर्म लाभ लिया। विष्णु महायज्ञ आयोजकों द्वारा प्रसादी वितरित की गई। रमेशभाई दवे, राज दवे, हर्षल दवे, दीपेश मराठे, व चित्रांग शाह, दर्शक शाह ने व्यवस्था को संभाला। इस दौरान समाज के गोकुलभाई वोरा, नारायणभाई, जयंतीभाई वोरा, सुरेश वोरा, दिनेश त्रिवेदी, भैरूशंकर बुधिया, पंकज बुधिया, नीलम वोरा, रेखा दवे, वर्षा दवे, सावित्री बेन, लक्ष्मी बेन, जिगना बेन सहित मौजूद रहे। महिलाओं ने भजन कीर्तन कर मंगल गीत गाए।

आंवलोज में प्राकृतिक खेती पर चर्चा

जालोर, (कासं)। कृषि विज्ञान केन्द्र केशवना द्वारा अनुसूचित जनजाति उपयोजना के तहत आंवलोज ग्राम में एक दिवसीय प्राकृतिक खेती जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कृषि विज्ञान केन्द्र के कीट विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश चंद यादव ने कीटनाशकों के दुष्प्रभाव को विस्तार से समझाया तथा केंद्र के प्रसार विशेषज्ञ डॉ. विकास कुमार ने प्राकृतिक खेती के महत्व पर व्याख्यान दिया। केंद्र के पशु विशेषज्ञ नितेश शर्मा ने गौ आधारित प्राक्रतिक खेती एवं शस्य वैज्ञानिक बीरम सिंह गुर्जर ने प्राकृतिक खेती के अवयव जीवामृत, बीजामृत तथा निमास्त्र बनाने की विधि तथा इसकी खेती में उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। शिविर में आंवलोज ग्राम के 40 पुरूष महिला कृषकों ने भाग लिया।

जिन मंदिर की प्रतिष्ठा 31 जनवरी को

सायला, (निसं)। क्षेत्र के रेवतडा नगर में जीर्णोद्धारित आदिनाथ जिन मंदिर की शुभ प्रतिष्ठा 31 जनवरी 2024 को होगी। जानकारी के अनुसार रेवतडा नगर श्रीसंघ के 70 प्रतिनिधि मंडल धानेरा पहुंचे। जहां पुण्यसम्राट राष्ट्रसंत विजय जयन्तसेन सूरीश्वर के पट्टधरद्वय गच्छाधिपति विजय नित्यसेन सूरीश्वर एवं भाण्डवपुर तीर्थोद्धारक आचार्य विजय जयरत्न सूरीश्वर को आदिनाथ जैन संघ रेवतडा ने उपस्थित होकर आग्रहपूर्ण विनती की। जिस पर संघ प्रतिनिधिओं के हर्षोल्लास पूरित भावों में अभिवृद्धि करते हुए पट्टधरद्वय ने आदिनाथ जिन मंदिर प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त 31 जनवरी 2024 का प्रदान किया। प्रतिष्ठोत्सव की उद्घोषणा (मुहुर्त प्रदान) होने से समस्त प्रवासीबन्धु एवं समीपस्थ सभी संघों में अपार हर्ष छा गया।

फील्ड फायरिंग रेंज से चार जने पकड़े

पोकरण, (निसं)। एमआई व आर्मी वालों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए लाठी आर्मी रैंज क्षैत्र में अवैध रूप से स्क्रैप एवं बिना फुटे हुए बम एकत्रित करते हुए अवैध रूप से फील्ड फायरिंग रेंज से चार व्यक्तियों को पकडकर उनको लाठी पुलिस थाने में सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस थाना लाठी से प्राप्त जानकारी के अनुसार उनके पास से चालीस केजी स्क्रेप भंवरलाल , रामलाल, पप्पू राम, कंवर लाल निवासी घवलिया को पुलिस के हवाले किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

श्रीमाली ब्राह्मण सामाज का वैदिक संस्कार शिविर शुरू

जोधपुर, (का.सं.)। महामंदिर श्रीमाली ब्राह्मण सामाज एवं अखिल भारतवर्षीय श्रीमाली ब्राह्मण सामाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले 15 दिन के वैदिक एवं संस्कार शिविर का प्रारंभ आज रुद्राभिषेक के आयोजन के साथ हुआ। महामंदिर शिवबाडी में आज पण्डितों द्वारा महादेव शिव का रुद्राभिषेक किया गया।

रुद्राभिषेक के बाद समारोहपुर्वक वैदिक एवं संस्कार शिविर को प्रारंभ किया गया। समारोह में अखिल भारतवर्षीय श्रीमाली ब्राह्मण सामाज के अध्यक्ष विधुशेखर दवे, पण्डित जीवन किशोर जोशी, विष्णु दत्त, अभीषक जोशी, महामन्दिर श्रीमाली ब्राह्मण सामाज अध्यक्ष कैलाश श्रीमाली व पूर्व अध्यक्ष दुष्यंत जोशी, अरूण बोहरा ने वैदिक शिविर में अध्ययन के लिए आए बच्चों को वैदिक ज्ञान की समाज व जीवन के लिए उपयोगिता व आवश्यकता व ज्ञान अर्जन के तरीकों पर प्रकाश डाला व वैदिक शिविर के बारे में बताया। बालक-बालिकाओं को अखिल भारतवर्षीय श्रीमाली ब्राह्मण सामाज के सौजन्य से बेग व पुस्तकें वितरित की। रमन होटल वाले नरेंद्र त्रिवेदी ने बच्चों को पितम्बर वितरित किये। तदोपरांत महादेव शिव की आरती व माँ महालक्ष्मी की स्तुति श्री कैलाश श्रीमाली ने सस्वर मे समाज बंधुओं के साथ की व सभी को प्रसाद वितरित किया। वैदिक शिविर में बालक-बालिकाओं को अध्ययन शिविर संयोजक चंद्र शेखर दवे, पण्डित जीवन किशोर जोशी, नन्द किशोर, विनीत दवे, प्रदीप दवे छिन्सा, पण्डित अभिषेख जोशी आदि पण्डितों द्वारा करवाया जाएगा। कार्यक्रम में महामंदिर श्रीमाली समाज के कोषाध्यक्ष नन्द किशोर दवे, प्रवक्ता ओमप्रकाश दवे, तेज प्रकाश दवे, सुरेश त्रिवेदी, पण्डित जय प्रकाश दवे, धनराज श्रीमाली, समाज के पत्रकार विक्रान्त दवे, गिरीष दवे, सत्य नारायण दवे, मनोहर व्यास, अशोक व्यास, सन्तोष व्यास, श्रीमती कुशमलता, महिला मण्डल अध्यक्ष एवं समाज की महिला शाक्ति व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समाज के बन्धुओ से आग्रह किया गया है कि अपने बच्चे-बच्चियों को इस वैदिक संस्कार शिविर में भेज कर इस अवसर का लाभ उठाएं।

पाली संवाददाता के अनुसार : विप्रों में वैदिक शिक्षा एवं सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार एवं अस्तित्व को बनाए रखे जाने का महत्व का अध्ययन एवं अध्यापन का कार्यक्रम निःशुल्क आवासीय शिविर के साथ श्रीमाली ब्राह्मण समाज भवन बाईसी बगेची में चल रहा है ,जहां रोजाना सुबह 7:30 बजे से शाम 7 बजे तक करीब 30 श्रीमाली समाज के बच्चे विद्या ग्रहण कर रहे हैं। शिविर 13 मई से 16 जून तक चलेगा। श्रीमाली ब्राम्हण समाज विकास समिति के अध्यक्ष पी एम जोशी ने बताया कि विगत 14 वर्षों से निरंतर इस शिविर का आयोजन किया जा रहाहै। शहर के बाहर से आने वाले शिक्षार्थियों हेतु निःशुल्क आवास एवम भोजन व्यवस्था भी की गई है।

शिविर में सामवेदीय कौथुमी शाखा की सस्वर रुद्री एवं पूजन विधि, शुक्लयजुर्वेदीय मध्यनन्दिनी शाखा की सस्वर रुद्राष्टाध्यायी, पूजन विधि, दुर्गासप्तशती, संध्योपासना, महिम्न आदि का अध्यापन किया जावेगा।

जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 वर्षों से निरंतर इस शिविर का आयोजन एवं व्यवस्था शंकर मठ मा आबू के ब्रह्मलीन महामण्डलेश्वर महेशानंद के अनन्य भक्त कमलकांत गजानंद व्यास द्वारा शंकर मठ के स्वयंप्रकाश महाराज के निर्देशन में श्रीमाली समाज के तत्वावधान में किया जा रहा है। करोना काल की विषम परिस्थितियों में भी शिविर का आयोजन स्थानीय विप्रों को आचार्य भागीरथ व्यास से प्रशिक्षण प्रदान कर किया गया था। वाराणसी से आए आचार्य सर्वज्ञ मिश्रा और पंकज मिश्रा बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं ,इस बार आवासीय शिविर हेतु 30 व्यक्तियों ने पंजीयन करवाया है जबकि 16 स्थानीय व्यक्तियों ने इस शिविर में ज्ञान प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है।

अध्यापन काशी के पंडित सर्वज्ञ मिश्र, पंकज मिश्रद्वारा करवाएंगे। व्यवस्था उपाध्यक्ष रविशंकर दवे, कोषाध्यक्ष राकेश दवे, अभिषेक व्यास आदि द्वारा की जा रही है।

चुनाव कार्यक्रम घोषित

जालोर, (कासं)। राजस्थान सहकारी निर्वाचन प्राधिकारण जयपुर द्वारा जालोर जिले में सहकारी भूमि विकास बैंक लि. जालोर के संचालक मण्डल के सदस्यों एवं पदाधिकारियों के निर्वाचन के लिए कार्यक्रम की घोषणा की गई है।

जालोर सहकारी भूमि विकास बैंक के सचिव सुनील वीरभान ने बताया कि जालोर सहकारी भूमि विकास बैंक लि. जालोर के प्रतिनिधि साधारण निकाय के निर्वाचन के पश्चात् बैंक के संचालक मण्डल के सदस्यों एवं पदाधिकारियों का निर्वाचन करवाया जायेगा। इसके लिए प्राधिकरण द्वारा कार्यालय अतिरिक्त रजिस्ट्रार सह.स.जोधपुर के सहायक रजिस्ट्रार (अ.सु) वासुदेव पालीवाल को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि बैंक की प्रतिनिधि साधारण निकाय प्रस्तावित मतदाता सूची(वार्डवार), निर्वाचन सूचना एवं कार्यक्रम का 5 जून को प्रकाशन किया जायेगा। वार्डवार प्रस्तावित मतदाता सूचियों पर आक्षेपों की प्राप्ति 5 से 12 जून, 2023 को दोपहर 1 बजे तक की जायेगी तत्पश्चात् प्राप्त आक्षेपों की सुनवाई कर अंतिम मतदाता सूचियों का प्रकाशन 12 जून को किया जायेगा।

निर्धारित कार्यक्रमानुसार नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति, जांच एवं वैध नाम निर्देशन पत्रों की सूचियों का प्रकाशन 13 जून को किया जायेगा। नाम वापसी 14 जून को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक की जा सकेगी तत्पश्चात् निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूचियों का प्रकशन एवं चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जायेगा। यदि आवश्यक हुआ तो 20 जून को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक मतदान करवाया जायेगा तथा 21 जून को मतगणना व परिणाम घोषणा की जायेगी। उसके पश्चात् 22 जून से संचालक मण्डल के निर्वाचन की प्रक्रिया कार्यक्रमानुसार प्रारंभ होगी। उन्होंने बताया कि जिन सदस्यों का बैंक ऋण का अवधिपार बकाया है वे चुनाव में भाग नहीं ले सकेंगे।

कृषि केंद्र केशवना में बीज उपलब्ध

जालोर, (कासं)। कृषि विज्ञान केन्द्र केशवना जालोर में खरीफ फसलों की बुवाई के लिए ग्वार, तिल तथा मूंग की फसल के उन्नत प्रकार की किस्म के बीज उपलब्ध हैं।

कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी ने बताया कि ग्वार का उन्नत किस्म का बीज (आरजीसी-1038) 90 रू. प्रति किलोग्राम, तिल का उन्नत किस्म बीज (आरटी-351) 200 रू. प्रति किलोग्राम तथा मूंग का उन्नत किस्म का बीज (जीएम-4 व जीएम-7) 150 रू. प्रति किलोग्राम की दर से उपलब्ध है। बीज पहले आवो, पहले पावो के आधार पर निर्धारित दरों पर दिए जायेंगे।

101 यूनिट रक्तदान

बाप, (निसं)। बाप क्षेत्र की ग्राम पंचायत कानासर के सरपंच प्रतिनिधि सुल्तानाराम विश्नोई द्वारा कानासर गांव में शुक्रवार को दादी अणदल सती रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया गया। भाजपा युवा नेता संजय गोदारा ने बताया कि 101 युनिट रक्तदान हुआ। पूर्व प्रधान बाप व वर्तमान सरपंच सुगनी देवी , सुल्तानारम गोदारा, अध्यापक ओमप्रकाश सारण, हेतराम सुडाणी, सुरेन्द्र सुंडानी, प्रेम कुमार गोदारा, हेतराम बागानी, रामनिवास बुलानी, रामनारायण भोलानी, वीरेंद्र सारण आदि मौजूद रहे।

केन्द्रीय कारागृह का निरीक्षण

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जोधपुर महानगर चन्द्रशेखर शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर महानगर के सचिव व अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुरेन्द्र सिंह सांदू द्वारा शुक्रवार को केन्द्रीय कारागृह का औचक मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक राजपाल सिंह उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान केंद्रीय कारागृह में स्वच्छता, साफ-सफाई की व्यवस्थाओं के साथ-साथ जेल में निरुद्ध बंदियों को उपलब्ध करवाए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, उनके स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधा तथा उनके लिए उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के आदेश की पालना में अपराध के पीडित बालकों के पीडित प्रतिकर आवेदन तैयार करने एवं उन पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को सम्मिलित करते हुए जोधपुर महानगर जिले के लिए सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुरेन्द्र सिंह सादू की अध्यक्षता में गठित जिला बाल पीडित प्रतिकर सहायता समिति की बैठक का आयोजन भी शुक्रवार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जोधपुर महानगर के एडीआर भवन में किया गया।

जोधपुर विकास प्राधिकरण के दस्ते ने अतिक्रमण हटाए

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के निर्देशों की पालना में एवं प्राधिकरण सचिव जयनारायण मीणा के आदेशों के क्रम में शुक्रवार को नान्दडी फांटा से खोखरिया फांटा तक दोनों तरफ मुख्य सडक भाग में किए गए अस्थाई अतिक्रमणों को हटाते हुए अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया। जेडीए दस्ते ने नियमित रूप से अवैध निर्माणों, अतिक्रमणों, सडक मार्गाधिकार के अतिक्रमणों सहित विभिन्न अतिक्रमण पर कार्यवाही की जा रही है।

प्रवर्तन अधिकारी उत्तर प्रवीण गहलोत ने बताया कि प्रवर्तन निरीक्षक पश्चिम अनिल शर्मा, से.नि.नि. भू-प्रबन्ध रूपाराम मेघवाल एवं जेडीए दस्ते द्वारा शुक्रवार को नान्दडी फांटा से खोखरिया फांटा से आगे महादेव स्टोन तक सडक मार्गाधिकार का मौका निरीक्षण किया गया। मौका निरीक्षण के दौरान दस्ते ने मुख्य सडक भाग में अवैध रूप से निर्मित छप्परें, साईन बोर्ड, दुकानों के आगे रखे सामानों, सब्जियों के स्टैण्ड, चबूतरियां, बांस-बलियों मय सिरकियों, लोहे की फ्रेम मय एंगल से निर्मित शेड, पत्थर के ब्लॉक एवं कच्चे-पक्के निर्माणों को जेसीबी की सहायता से हटाकर सडक मार्गाधिकार को अतिक्रमण मुक्त कर आवागमन सुचारू किया। दस्ते ने दो ट्रैक्टर सामान जब्त किया। दुकानदारों व संचालकों को सख्त हिदायत दी गई कि सडक सीमा में किसी प्रकार अवैध निर्माण अथवा अतिक्रमण नहीं करें।

सखी सेंटर का निरीक्षण

जालोर, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार मीणा ने शुक्रवार को राजकीय चिकित्सालय में संचालित वन स्टॉप सखी सेंटर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिये कि यहां आने वाली प्रत्येक पीडिता की समस्या का समाधान शीघ्र से शीघ्र किया जावे। यहां रहने वाली पीडिताओं को शुद्ध व गुणवत्तायुक्त भोजन उपलब्ध करवाया जावे। दौराने निरीक्षण उपस्थित पीडिता को यहां मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की, साथ ही उपस्थित कर्मचारी को निर्देश दिये कि पीडिता को नियमानुसार सुविधाएं उपलब्ध करवाई जावे। उन्होंने कहा कि सखी सेंटर में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में प्रचार-प्रसार किया जावे, ताकि अधिक बालिकाओं, महिलाओं का इसका फायदा मिल सके।

निशांत जैन ने शिविर व कार्यों की समीक्षा की

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर निशांत जैन की अध्यक्षता में गुरुवार सायंकाल जिले में आयोजित किए जा रहे प्रशासन गांवों एवं शहरों के संग अभियान व महंगाई राहत कैंपों के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई जिसमे उन्होंने कहा कि इन कैंपों में शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों को जोड़ने के लिए डोर-टू-डोर विशेष अभियान प्रारंभ किया जावें।

जिला कलैक्टर निशान्त जैन ने वीसी के माध्यम से जुड़े उपखंड अधिकारियों, तहसीलदारों, विकास अधिकारियों, नायब तहसीलदारों सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में आयोजित हो रहे प्रशासन गांवों के संग अभियान शिविर एवं अस्थाई महंगाई राहत कैंपों में पात्र लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में पंजीकरण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन गाँवों व शहरों के संग अभियान के तहत आयोजित शिविरों में प्राप्त होने वाले पेंशन सत्यापन के आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उनका निस्तारण करें। उन्होंने जिले में आयोजित हो रहे प्रशासन गांवों एवं शहरों के संग अभियान के तहत आपसी सहमति से खातों के विभाजन कार्य, नरेगा व शहरी रोजगार जॉब कार्ड पंजीकरण के कार्यों को समय पर पूर्ण करने एवं पात्र आवासीय पट्टों के आवेदनों का त्वरित निस्तारण कर लाभांवित करने की बात कही। उन्होंने प्रशासन गांवों के संग अभियान के शिविरों के दौरान किराये के भवन में संचालित हो रहे आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भूमि चिन्हीकरण कर पट्टे जारी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों से अभियान के तहत प्राप्त हो रहे बिजली, पानी, श्रम, पेंशन, रोजगार सहित हैंड पंप मरम्मत, अवैध कनेक्शन, रास्तों के अतिक्रमण एवं राजस्व परिवादों का भी शिविरों में आवश्यक कार्यवाही करते हुए उनका निस्तारण करने की बात कही। उन्होंने शिविरो में जिले के स्थानीय लोक कलाकारों का भी अधिक से अधिक पंजीकरण करने की बात कही।

बैठक के दौरान जिला कलक्टर निशांत जैन ने जिले में 23 जून से आयोजित हो रहे राजीव गांधी ग्रामीण व शहरी ओलंपिक में जिले के खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए खिलाड़ियों के पंजीकरण व खेल आयोजन की पूर्व तैयारियों के संबंध में चर्चा कर संबंधित अधिकारियों एवं प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक में पंजीकरण के लिए जिले के स्कूलों व कॉलेजों में व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक संख्या में खिलाड़ियों का पंजीकरण करवाने की बात कही।

उन्होंने कहा कि वे राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक के आयोजन के संबंध में ब्लॉक स्तर पर नियमित रूप से बैठक आयोजित करने के साथ ही खिलाड़ियों के पंजीयन के लिए आवश्यक प्रचार-प्रसार कर आगामी 10 जून तक निर्धारित लक्ष्य अर्जित करना सुनिश्चित करें।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु, डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता एम.के.व्यास, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक सुभाष मणि सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे तथा वीसी के माध्यम से उपखंड अधिकारी सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

सुभाष गर्ग ने बैठक ली

जोधपुर,(का.सं.)। जोधपुर जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग की अध्यक्षता में शुक्रवार को सर्किट हाउस में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक हुई।

प्रभारी मंत्री ने नगर निगम एवं जोधपुर विकास प्राधिकरण को प्रशासन शहरों के संग अभियान में पट्टा संबंधी मामलों के निस्तारण को त्वरित गति देने तथा संबंधित कॉलोनियों में प्राथमिकता के साथ कैंप लगाकर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन से संबंधित जल, बिजली सड़क एवं खाद्यान्न के संबंधित विभागीय अधिकारियों को मुख्यमंत्री जी कि मंशा के अनुरूप आमजन को अधिक से अधिक राहत देने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने जल जीवन मिशन, नहर बंदी, बिजली के कृषि एवं घरेलू कनेक्शन के संबंधित कार्य, जीएसएस निर्माण एवं सिंचाई के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की।

सार-समाचार

तम्बाकू निषेध रैली निकाली

जोधपुर, (कासं)। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलपति प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति के निर्देशन में स्नातकोत्तर अगद तंत्र विभाग द्वारा "विश्व तंबाकू निषेध दिवस" के अवसर पर "तंबाकू निषेध जागरूक सप्ताह" का आयोजन 25 से 31 मई तक किया जा रहा है। जागरूकता शिविर की इस श्रेणी में शुक्रवार को सांगरिया गांव में तंबाकू निषेध चिकित्सा शिविर एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रितु कपूर ने बताया कि नशा मुक्ति शिविर सांगरिया गांव के सरपंच तेजा राम चौधरी के सहयोग से ग्राम पंचायत भवन में लगाया गया, जिसमें कुल 53 मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श सुविधा प्रदान की गई। शिविर में अगदतंत्र विभाग में निर्मित की गई आयुर्धूमपान एवं आयुर्गंधा को सिगरेट एवं तंबाकू के विकल्प के रूप में रोगियों को निशुल्क प्रदान किए गए। साथ ही विभाग के अध्येताओं द्वारा सांगरिया गाँव में तंबाकू निषेध जागरूकता रैली एवं घर-घर जाकर लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया है। लोगों को तंबाकू निषेध पैम्पलेट देकर तंबाकू का सेवन ना करने की शपथ ग्रहण करवाई गई। तंबाकू निषेध जागरूकता शिविर डॉ रितु कपूर के निर्देशन में किया गया, डॉ प्रवीण कुमार एवं डॉ अनीता ने कार्यक्रम का संचालन किया। अगद तंत्र विभाग के सभी अध्येताओं ने जागरूकता रैली में हिस्सा लिया।

डिलीवरी के दौरान शिशु का कटा गला

गुड़ामालानी, (निसं)। गुड़ामालानी मुख्यालय पर स्थित कृष्णा निजी हॉस्पीटल में महिला कि डिलीवरी करवाने के दौरान शिशु का गला काट दिया। परिजनों को नवजात शिशु की मौत हो गई बताकर रुई से लपेटकर दे दिया गया। इसको लेकर परिजनों ने पुलिस थाना गुड़ामालानी में मामला दर्ज करवाया। मृतक नवजात शिशु के पिता रमेश कुमार पुत्र जोगाराम जाति गुरु निवासी लूणवा जागीर ने मामला दर्ज कर बताया कि मेरी पत्नी की डिलीवरी करवाने निजी कृष्णा हॉस्पीटल आये थे। तभी महिला डॉक्टर तीजा चौधरी ने डिलेवरी करवाकर कहा कि शिशु कि मौत पेट के अन्दर ही दो दिन पहले हो गई थी। हमें रूई से नवजात शिशु को लपेटकर दे दिया। हम विश्वास के साथ अपनी पत्नी और बच्चे को घर ले गए । घर जाने के दौरान हिंदू रीति रिवाज के अनुसार बच्चे को खोल कर देखा तो बच्चे का गला कटा हुआ देखकर हम परिजन चौक गए। तब हमें पता चला कि ऑपरेशन के दौरान महिला डॉक्टर द्वारा नवजात शिशु की गर्दन काट दी तब शिशु की मौत हो गई । उसके बाद हम परिजन वापस हॉस्पीटल में पहुंचे। उनके स्टाफ से बात की तो उन्होंने संतुष्ट जवाब नहीं दिया । इसको लेकर परिजनों ने पुलिस थाना गुड़ामालानी मामला दर्ज करवाकर निजी कृष्णा हॉस्पिटल के खिलाफ कार्रवारई करने की मांग की ।

1 हजार 893 लीटर घी सीज किया

जैसलमेर, (नि.सं.)। प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान जयपुर आयुक्त नकाते शिवप्रसाद मदन के निर्देशानुसार प्रदेश भर में मिलावटखोरी रोकने